विष्णु जो सुर हित नरतनु धारी ।सोउ सर्बग्य जथा त्रिपुरारी ।।
खोजइ सो कि अग्य इव नारी ।ग्यानधाम श्रीपति असुरारी ।।
विष्णु चारि भुज बिधि मुख चारी ।बिकट बेष मुख पंच पुरारी ।।
|| मानस विष्णु प्रयाग || Ram Katha 975– Uttarakhand || *मोरारी बापू


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 261 | इंदौर, बुधवार 08 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## मुरैना में रेत माफिया ने वन रक्षक को कुचला

### आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार, पुलिस ने शुरू की जांच



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में बुधवार सुबह अवैध रेत माफिया ने एक बार फिर आतंक मचाया। चंबल क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर हमला हुआ। इस दौरान बदमाशों ने वन रक्षक हरकेश गुर्जर को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना दिमनी थाना क्षेत्र के रानपुर गांव चौराहे के पास हुई।**

पुलिस ने बताया कि अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी ड्राइवर विनोद कोरी ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने की कोशिश की। वन रक्षक हरकेश गुर्जर ने उसे रोकने के लिए आगे बढ़ा, तभी विनोद कोरी ने उन्हें कुचल दिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गया।

पास ही बने पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में आरोपी विनोद कोरी की तस्वीरें कैद हुई हैं। घटना स्थल पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसपी समीर सौरभ और डीएफओ हरिश्चंद्र बघेल पहुंचे और प्रत्यक्षदर्शियों से बात की।

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मृतक का शव मुरैना जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वन विभाग और पुलिस टीम इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर रही है, जबकि आरोपी की तलाश जारी है। प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और रेत माफिया के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे अवैध रेत परिवहन के किसी भी प्रयास की सूचना तुरंत पुलिस या वन विभाग को दें।

**RBI MPC Announcement: नहीं बदलेगी ईएमआई, रिजर्व बैंक की एमपीसी ने ब्याज दरों को 5.25% पर रखा स्थिर**

**West Asia Crisis: 'लेबनान पर लागू नहीं होगा युद्धविराम', शहबाज शरीफ के दावों को नेतन्याहू ने किया खारिज**

● मुख्यमंत्री डॉ.यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय

# उज्जैन एयरपोर्ट के लिए 590 करोड़ मंजूर

### नौ अप्रैल से होगी गेहूं की खरीद

## अनुसूचित जाति के छात्रों को मिलेंगे 10000 रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। सीएम मोहन यादव की अध्यक्षता में एमपी कैबिनेट की मीटिंग हुई है। इस मीटिंग में कई अहम फैसले हुए हैं। अब 10 की जगह नौ अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होगी। छोटे किसानों से पहले गेहूं की खरीद की जाएगी। इसके बाद मध्यम और बड़े किसानों का गेहूं खरीदा जाएगा। इसके साथ ही कई अन्य अहम फैसले भी कैबिनेट की मीटिंग में लिए गए हैं।**



कैबिनेट की मीटिंग में उद्योग मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि सरकार चना और मसूर भी खरीदेगी। चने के कुल उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत खरीदा जाएगा। वही मसूरी की खरीद 100 फीसदी की जाएगी। अगले में तीन वर्ष में चना एवं मसूर उपार्जन हेतु 3174 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही एमपी कैबिनेट ने 590 करोड़ रुपए उज्जैन में प्रस्तावित हवाई अड्डे की जमीन अधिग्रहण के लिए मंजूरी दी है। हवाई अड्डे का निर्माण केंद्र सरकार करेगी। सरकार इसके लिए कुल 437.5 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करेगी। इस हवाई अड्डे को क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत विकसित किया जाएगा। वहीं, मोहन कैबिनेट ने वाणिज्यिक कर विभाग की आठ योजनाओं को जारी रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसके साथ ही दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्र गृह योजना के तहत दी जाने वाली मासिक राशि को बढ़ा दी है। इस योजना के तहत अब स्नातकोत्तर छात्रों को 2000 रुपए की जगह 10000 रुपए दिए जाएंगे। इसके साथ ही मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि सरकार आठ से 14 अप्रैल के बीच सभी जिलों में अंबेडकर जयंती मनाने का फैसला किया है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भिंड में होगा। मंत्रि-परिषद द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम अनुसार गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये फीस प्रतिपूर्ति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2030-31 तक की निरंतरता के लिए राशि 3,039 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

# नगर निगम ने पेश किया 8455 करोड़ का बजट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर नगर निगम का बजट मंगलवार को पेश किया गया। इस बार बजट में शहरवासियों पर नए करों का बोझ नहीं डाला गया है, लेकिन कोई बड़ी घोषणाएं भी नहीं की गईं। भाजपा की नगर निगम का जोर पुराने प्रोजेक्टों, सफाई व्यवस्था और मास्टर प्लान की 29 सड़कों पर है। 8 हजार 455 करोड़ के पेश बजट में इसके लिए सबसे ज्यादा राशि रखी गई।**



मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बजट भाषण में कहा कि कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है और न ही पुराने कर की दरों में इजाफा किया गया है। उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा में दूषित पेयजल कांड को लेकर हमें दुख है, लेकिन अब वहां नई लाइन बिछ गई है। निगम ने फैसला लिया है कि भागीरथपुरा में मृतकों के परिवार के एक सदस्य को आउटसोर्स के माध्यम से नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि निगम ने पेयजल, सड़क, पर्यावरण और सफाई के लिए बजट में पर्याप्त राशि का प्रावधान किया है।भागीरथपुरा दूषित पेयजल कांड से सबक लेकर शहर में पानी की जांच के लिए लैब शुरू करने की योजना निगम ने बनाई है, जिसकी घोषणा बजट में की गई। इसके अलावा नर्मदा के चतुर्थ चरण और मास्टर प्लान की 29 सड़कों के निर्माण के लिए बजट में बड़ी राशि रखी गई। 29 गांवों में नर्मदा जल आपूर्ति और सीवरेज लाइन बिछाने के लिए भी पर्याप्त बजट का प्रावधान किया गया।हमारे निगम ने आने वाले 25 वर्षों के हिसाब से काम किया है। नर्मदा के चौथे चरण के अलावा सीवरेज का नेटवर्क हमने बढ़ाया है। मास्टर प्लान की 23 सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है। इसका फायदा भविष्य में शहर की जनता को मिलेगा।शहर में मूलभूत सुविधाएं भी भाजपा की निगम नहीं दे पाई। नर्मदा के चौथे चरण की प्लानिंग की जा रही है, लेकिन शहर को साफ पानी तक नहीं मिल पा रहा है।

जनसुनवाई में मिली राहत

# पढ़ाई, इलाज और आजीविका के लिए तत्काल मदद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार आयोजित इस जनसुनवाई में करीब 305 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कई प्रकरणों पर मौके पर ही त्वरित कार्रवाई करते हुए जरूरतमंदों को राहत प्रदान की गई। जनसुनवाई के दौरान किसी को शिक्षा के लिए सहायता मिली तो किसी को इलाज हेतु आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया गया। कई हितग्राही अपने कार्य पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं कलेक्टर शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करने भी पहुंचे।**



कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिन प्रकरणों में तत्काल सहायता संभव थी, उनमें तुरंत कार्रवाई की गई, जबकि राजस्व, पुलिस एवं अन्य विभागों से जुड़े मामलों को निराकरण हेतु समय-सीमा तय कर संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है, ताकि समयसीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में एक दिव्यांग युवक शुभम साहू का मामला सामने आया, जिसकी मोटराइज्ड व्हीलचेयर खंडवा से इंदौर की बस यात्रा के दौरान गुम हो गई थी। तत्काल उसकी आवश्यकता को देखते हुए उसे मोटराइज्ड व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आरटीओ को निर्देश दिए कि घटना के संबंध में संबंधित बस की जांच भी कराई जाए।

इसी प्रकार एक वृद्ध महिला श्रीमती सविता शिंगले अपने पोता-पोती के साथ सहायता के लिए पहुंची। वृद्ध महिला ने बताया कि बेटे का निधन हो चुका है और बहू ने पुनर्विवाह कर लिया है। बच्चों की देख-रेख में कर रही हूँ। आय के साधन पर्याप्त नहीं होने से दिक्कत हो रही है। प्रशासन ने तत्काल भरण-पोषण की व्यवस्था करते हुए बच्चों का नाम मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना में जोड़ने के निर्देश दिए। उनकी शिक्षा की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। तात्कालिक सहायता के रूप में इन्हें 24 हजार रुपये की मदद भी दी गई। स्वास्थ्य संबंधी मामलों में भी संवेदनशीलता दिखाते हुए एक किडनी मरीज के इलाज हेतु आर्थिक सहायता दी गई है, जिसका उपचार जारी है और आगामी माह उसका ऑपरेशन प्रस्तावित है। इलाज के लिए सहायता मिलने पर उक्त मरीज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कलेक्टर शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए जनसुनवाई में पहुँचा। इसी तरह जनसुनवाई में अनेक जरूरतमंदों को रोजगार के लिए भी आवश्यक मदद दी गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रोशन राय सहित अन्य अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनका यथासंभव निराकरण किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि प्रशासन का सतत प्रयास है कि प्रत्येक आवेदक की समस्या का समयबद्ध समाधान हो और जरूरतमंदों को शीघ्र राहत मिल सके।

# अशासकीय/निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध

## प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर जिले में भू-जल स्तर में गिरावट को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने अशासकीय/निजी नलकूप खनन पर आगामी 30 जून तक के लिए प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इंदौर के शहरी एवं सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र भी घोषित किया गया है।

यह प्रतिबंध कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (जलप्रदाय) नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर लगाया गया है। प्रतिवेदन में बताया गया कि इन्दौर शहर में भू-जल स्त्रोतों का अतिदोहन होने से पेयजल स्रोतों/नलकूपों का जलस्तर तेजी से गिर रहा है। गिरते भू-जल स्तर के कारण संपूर्ण शहर में आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की संभावना की दृष्टिगत रखते हुए शहर में पेयजल से भिन्न अन्य प्रयोजन के लिये नवीन निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक है। शहर में पेयजल संकट की संभावनाओं को देखते हुए निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता है तो ग्रीष्म ऋतु में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना रहती है। पूर्व में भी जिले में भू-जल की गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी इन्दौर द्वारा अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर विगत 20 मार्च 2025 से 15 जून 2025 तक प्रतिबंध लगाया गया था। विगत वर्ष अनुसार ही आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए शहर में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में प्रतिवेदन में अनुरोध किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने उक्त प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधन अधिनियम 2002 (अधिनियम) में निहित प्रावधानों के तहत इन्दौर जिले के शहरी एवं ग्रामीण सम्पूर्ण क्षेत्रों को जल आभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। जिले में निरन्तर भू-जल की गिरावट की दृष्टिगत रखते हुए अधिनियम की धारा 6 (1) के अन्तर्गत सम्पूर्ण जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर 30 जून 2026 तक प्रतिबंध लगाया गया है।

# भागीरथपुरा के लोगों ने पोस्टर लहराकर की नारेबाजी



**इंदौर**। नगर निगम में बजट पेश होने से पहले भागीरथपुरा दूषित पेयजल कांड को लेकर जमकर हंगामा हुआ। मेयर पुष्यमित्र भार्गव जब शोक प्रस्ताव पढ़ रहे थे, तभी दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने मृतकों के पोस्टर लहराते हुए नारेबाजी शुरू कर दी।स्थिति बिगड़ने पर सुरक्षाकर्मियों ने पोस्टर छीन लिए लेकिन करीब 10 मिनट तक सदन में हंगामे का माहौल बना रहा। इस पर भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया कि दर्शक दीर्घा में कांग्रेस समर्थक मौजूद थे, जिन्होंने जान-बूझकर हंगामा किया। वहीं कांग्रेस पार्षदों का कहना था कि वहां भागीरथपुरा के पीड़ित लोग मौजूद थे और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया।मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि भागीरथपुरा की घटना दुखद है लेकिन विपक्ष के इशारे पर हंगामा किया गया। विवाद बढ़ने पर कुछ समय के लिए हॉल की बिजली बंद हो गई और माइक भी बंद हो गए। शोर-शराबे के बीच मेयर ने शोक प्रस्ताव पढ़े, जिसके बाद बैठक को पांच मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया।

गौरतलब है कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण 35 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। कांग्रेस पार्षद राजू भदौरिया सदन में गंदे पानी की बोतल लेकर पहुंचे। वहीं एक अन्य पार्षद गंदे पानी से जुड़े स्लोगन वाली टी-शर्ट पहनकर आए थे। श्रद्धांजलि के दौरान उस समय बहस शुरू हो गई जब पार्षद फौजिया शेख अलीम ने ईरान में मारे गए लोगों को भी श्रद्धांजली दी। कुछ देर बाद स्थिति सामान्य हुई और सदन की कार्रवाई को पांच मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। महापौर के श्रद्धांजलि देने के बाद कांग्रेस पार्षदों रूबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम ने अमेरिकी-इजराइली हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर को श्रद्धांजलि दी। रूबीना ने कहा खामेनेई को अमेरिका ने धोखे से शहीद कर दिया। इससे नाराज भाजपा पार्षदों ने जय श्री राम के नारे लगाए और विरोध किया।

# डीएवीवी में एनएसयूआई का विरोध प्रदर्शन, 6 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी (डीएवीवी) के आरएनटी मार्ग स्थित परिसर में मंगलवार दोपहर भारी हंगामा देखने को मिला। एनएसयूआई के कार्यकर्ता विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली के विरोध में बड़ी संख्या में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस और छात्र नेताओं के बीच जमकर तीखी झड़प हुई। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रजत पटेल सहित कुल छह पदाधिकारियों को हिरासत में ले लिया।**



प्रदर्शनकारी छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय में लंबे समय से प्रशासनिक और शैक्षणिक मोर्चे पर भारी लापरवाही बरती जा रही है। एनएसयूआई पदाधिकारियों के अनुसार रिजल्ट में लगातार हो रही देरी और कॉपियों के मूल्यांकन में गड़बड़ी जैसे गंभीर मुद्दों के कारण हजारों छात्रों का भविष्य संकट में है। इन्हीं मांगों को लेकर दोपहर करीब 1.40 बजे छात्र कैंपस पहुंचे थे, जहां लगभग एक घंटे तक जबरदस्त नारेबाजी और प्रदर्शन का दौर चला। इस पूरे हंगामे के बीच एक दिलचस्प स्थिति तब बनी जब पुलिस ने छात्रों पर प्रदर्शन के बजाय रील बनाने का आरोप लगाया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कई छात्र नेता विरोध दर्ज कराने से ज्यादा सोशल मीडिया के लिए वीडियो शूट करने में रुचि दिखा रहे थे। छात्र बार-बार बैरिकेड्स पर चढ़ने का प्रयास कर रहे थे ताकि कैमरे में उनके विजुअल्स प्रभावी ढंग से रिकॉर्ड हो सकें। बढ़ते विवाद को देखते हुए पुलिस को लाउडस्पीकर से बार-बार घोषणा करनी पड़ी। पुलिसकर्मियों ने छात्रों से कहा कि वे रील बनाने के चक्कर में अनुशासन न तोड़ें और शांतिपूर्वक अपना ज्ञापन सौंपकर वहां से चले जाएं। हालांकि जब प्रदर्शनकारी जबरन परिसर के भीतर घुसने की कोशिश करने लगे, तो पुलिस के साथ उनकी झूमा-झटकी शुरू हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कैंपस को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। पूरे मामले पर एडिशनल डीसीपी रामसनेही मिश्रा ने जानकारी दी कि कार्यकर्ता लगातार नारेबाजी कर रहे थे। उन्हें बार-बार समझाइश दी गई, लेकिन जब वे हिंसक प्रदर्शन और धक्का-मुक्की पर उतारू हो गए, तो एहतियात के तौर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रजत पटेल समेत 6 मुख्य पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया गया। बाकी अन्य कार्यकर्ताओं को चेतावनी देकर मौके से हटा दिया गया। उधर एनएसयूआई ने स्पष्ट किया है कि वे झुकेंगे नहीं और छात्रों के हित में यह लड़ाई निर्णायक मोड़ तक जारी रहेगी।

# स्पीड ब्रेकर पर असंतुलित होकर गिरी महिला, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सिमरोल इलाके के मंडला निवासी जावर की 65 साल की पत्नि रामकली की सड़क हादसे में मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में रात के समय एमवाय अस्पताल लाया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों के मुताबिक, रामकली बाइक से लिफ्ट लेकर सिमरोल की ओर जा रही थीं। इसी दौरान अचानक आए स्पीड ब्रेकर से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह उछलकर सड़क पर गिर गईं। घटना के बाद उन्हें पहले ट्रामा सेंटर ले जाया गया, लेकिन वहां इलाज संभव नहीं होने पर एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई।

# शराब कारोबारी पर जमीन पर कब्जे का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हम किसी को हाथ जोड़कर मना कर रहे हैं कि हमें किराए पर जमीन नहीं देना है, लेकिन इसके बाद भी सामने वाला हमारी जमीन पर कब्जा कर रहा है। यह मेरे लिए सरप्राइजिंग था।**

यह कहना है इंदौर की रहने वाली टीवी एक्ट्रेस रेमन कक्कर का। उन्होंने शराब कारोबारी और क्रिकेट टीम मालिक सूरज रजक पर अपनी 300 करोड़ की जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया है। 3 अप्रैल की रात इंदौर में उन्होंने सूरज के खिलाफ FIR कराई है।



रेमन ने कहा कि मुंबई में ऐसा कुछ नहीं देखा, जैसा इंदौर में देखा। आरोपों पर सूरज रजक से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। रेमन कक्कर ये तेरी गलियां, अपना टाइम आएगा और रब से है दुआ जैसे सीरियलों में काम कर चुकी हैं। वह शाहरुख खान और श्रीदेवी के साथ स्क्रीन शेयर कर चुकी हैं।

रेमन कक्कर ने बताया कि देवास नाके पर उनकी 6.84 एकड़ जमीन है। इसमें से सवा एकड़ जमीन इंदौर विकास प्राधिकरण (IDA) को विकास के लिए दी गई है। सूरज ने मेरे हसबैंड और भाई को फोन कर 6 हजार स्क्वॉयर फीट जमीन किराए पर शराब की दुकान के लिए मांगी। लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद वह मेरी मम्मी से मिलने घर आया और जमीन किराए पर देने को कहा। मम्मी ने भी मना कर दिया। यह जमीन मेरी मम्मी, दोनों भाई और मेरे नाम पर है। रेमन कक्कर ने बताया कि 3 अप्रैल को वह मुंबई से इंदौर आई थीं। दोपहर में पता चला कि जमीन पर कब्जा हो रहा है। वह तुरंत वहां पहुंचीं। वहां खंभे गड़े थे और शेड बन रहा था। इस दौरान पुलिस ने मदद की। जब वह लसूड़िया थाने पहुंचीं, पुलिसकर्मियों ने कहा कि टीआई नहीं हैं, कुछ देर बाद आना तब FIR लिखी जाएगी। फिर टीआई आए और देर रात FIR दर्ज की। रविवार को पता चला कि सूरज रजक ने भी थाने में आवेदन दिया, जो गलत है। यह जमीन मेरे पिता ने 1964 में खरीदी थी। इसका कुछ हिस्सा 2010 में इंदौर विकास प्राधिकरण को विकास के लिए दिया गया।

## पीथमपुर उद्योगों में उत्पादन घटा, अब सरकार ने रिपोर्ट मांगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के असर से इंदौर-पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन घटने और रोजगार प्रभावित होने के मामले को मध्यप्रदेश सरकार ने गंभीरता से लिया है। सरकार ने स्थानीय औद्योगिक संगठनों से उद्योगों में आ रही दिक्कतों पर रिपोर्ट मांगी, जिसके बाद संगठनों ने विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी है। पीथमपुर औद्योगिक संगठन ने सरकार को भेजे नोट में बताया कि हालात आर्थिक आपातकाल जैसे बन गए हैं। कई इकाइयां बंद होने की कगार पर पहुंच गई हैं। भुगतान संतुलन बिगड़ने से उद्योगों के सामने पूंजी का संकट गहरा गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि कच्चे माल, गैस और अन्य सामग्री के लिए उद्योगों को अग्रिम भुगतान करना पड़ रहा है। वहीं सप्लाई के बाद भुगतान में देरी हो रही है, जिससे आर्थिक चक्र प्रभावित हो रहा है और वर्किंग कैपिटल पर दबाव बढ़ गया है।

## कार ने बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजय नगर इलाके में सोमवार रात करीब 11 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपति और उनकी दो बेटियां घायल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक, सत्य साईं चौराहे से गोल्डन गेट की ओर जा रही कार (एमपी 04 ईसी 2551) ने टॉप एंड टाउन के पास बाइक सवार सचिन शर्मा को टक्कर मारी। उस समय सचिन अपनी पत्नी सपना शर्मा और दो बच्चियों के साथ बाइक पर थे। हादसे के बाद आरोपी चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायल सपना शर्मा ब्लाइंड स्कूल में शिक्षिका हैं, जबकि सचिन शर्मा ऑटो पार्ट्स की दुकान पर काम करते हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# कांग्रेस करेगी 9 अप्रैल को 'क्रूर विश्वासघात' आंदोलन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्य प्रदेश कांग्रेस 9 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता किसानों की बदहाली और सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में कलेक्टर कार्यालयों का घेराव करेंगी। प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर किसानों को बिचौलियों के हवाले करने का गंभीर** आरोप लगाया है। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है और प्रदेश का अन्नदाता आज अपने ही हक के लिए सड़कों पर आने को मजबूर है। वर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने 2700 प्रति क्विंटल



गेहूं खरीदने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही सरकार ने मात्र 40 रूपए का बोनस देकर किसानों के साथ 'ऊंट के मुंह में जीरा' वाला व्यवहार किया है। यह किसानों के साथ सीधा-सीधा "क्रूर विश्वासघात" है। पड़ोसी राज्य राजस्थान में 150 रूपए बोनस दिया जा रहा है, जबकि मध्यप्रदेश का किसान अपने हक के लिए भटक रहा है। वहीं सरकार ने खरीदी की तारीखों को तीन बार आगे बढ़ाया है। प्रदेश का अन्नदाता आज अपनी फसल का उचित मूल्य पाने के लिए दर-दर भटक रहा है। समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मंडियों में अव्यवस्था, खरीदी में देरी और बारदाने की कमी के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। ऊपर से प्राकृतिक आपदाओं, ओलावृष्टि और बारिश से प्रभावित किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। कांग्रेस पार्टी किसानों की इस पीड़ा को समझती है और उनके हक की लड़ाई लड़ेंगी। 9 अप्रैल को होने वाला प्रदेशव्यापी आंदोलन, किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक निर्णायक संघर्ष होगा।

### कार पार्किंग को लेकर हुआ था विवाद

# जिम संचालक पर तलवार से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में कार पार्किंग को लेकर हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक हो गया। गुस्साए पड़ोसी ने जिम संचालक पर तलवार से हमला कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया है।**

मामला 60 फीट रोड का है, जहां आशु व्यास जिम का संचालन करते हैं। उनका पास में रहने वाले राकेश खंडेलवाल से कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ा कि पड़ोसी तलवार लेकर मौके पर पहुंच



गया और अचानक हमला कर दिया।

राकेश खंडेलवाल भाजपा से जुड़ा है। वह भाजपा नेता कमलेश खंडेलवाल का चचेरा भाई बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि आशु थाने पहुंचा तो रिपोर्ट दर्ज न कराने के लिए राकेश ने कई भाजपा नेताओं से फोन लगवाए। हमले के दौरान आशु व्यास ने हाथ से तलवार रोकने की कोशिश की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मामले को संज्ञान में लिया है और जांच शुरू कर दी है। टीआई तरुणेंद्र भाटी ने कहा सोमवार देर शाम दोनों पक्षों के बीच थाने में समझौता हो गया। हालांकि तलवार से हमले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है।

## 'लादेन' नाम से खौफ फैलाने वाला ड्रग तस्कर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना पुलिस ने खुद को 'ओसामा' बताकर खौफ फैलाने वाले ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 100 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई है। शहर में उसे 'लादेन' नाम से जाना जाता था और वह इसी नाम का इस्तेमाल कर लोगों में डर बैठाता था।

पुलिस के मुताबिक आरोपी ओसामा चंदन नगर इलाके का रहने वाला है। उसकी शक्ल और नाम कुख्यात आतंकी ओसामा बिन लादेन से मिलते-जुलते होने के कारण लोग उसे 'लादेन' कहकर बुलाते थे। आरोपी भी इसी नाम का इस्तेमाल कर अपना रौब जमाता था।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी यह ड्रग राजस्थान के डग इलाके से लेकर आया था और इंदौर में सप्लाई करने वाला था। पुलिस अब उसके नेटवर्क और साथियों की तलाश कर रही है। आरोपी के खिलाफ पहले से लूट और मारपीट सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उसके पुराने रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। मनोज सेंधव की टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी स्टार चौराहे के पास बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने ड्रग डिलीवरी के लिए खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और तलाशी में उसके पास से 100 ग्राम से ज्यादा एमडी बरामद की।

# सिंहस्थ 2028 के लिए प्रस्तावित सभी कार्य वर्ष 2027 की दीपावली तक आवश्यक रूप से किए जाएं पूर्ण : मुख्यमंत्री

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन के 100 कि.मी. रेडियस में होम-स्टे, पार्किंग, जन सुविधाएं की जाएं विकसित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थः 2028 के लिए प्रस्तावित सभी कार्य वर्ष 2027 की दीपावली तक आवश्यक रूप से पूर्ण कर लिए जाएं। सिंहस्थ के सफल संचालन, विकास कार्यों की निगरानी और समीक्षा तथा सूचना शिक्षा-संचार गतिविधियों के लिए आवश्यक अधिकारियों-कर्मचारियों की संबंधित विभागों से तत्काल पूर्ति की जाए। सिंहस्थ के सफल संचालन के लिए पर्याप्त अधिकारियों-कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। सिंहस्थ से संबंधित विभिन्न दायित्वों के लिए सघन प्रशिक्षण की व्यवस्था आरंभ की जाए। अधोसंरचना से संबंधित सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश सिंहस्थ-2028 के आयोजन के लिए गठित मंत्री-मंडलीय समिति की मंगलवार को मंत्रालय में हुई 5वी बैठक में दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्री मंडलीय समिति की आगामी बैठक उज्जैन में की जाए। मंत्री मंडलीय समिति ने 2 हजार 923 करोड़ 84 लाख रूपए राशि के 22 कार्यों को स्वीकृति



प्रदान की। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ:2028 के लिए हो रहे कार्यों की गुणवत्ता और बेहतर वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यों का थर्ड पार्टी ऑडिट आवश्यक रूप से कराया जाए। सिंहस्थ:2028 के लिए उज्जैन के विभिन्न क्षेत्रों में बनने वाले भवनों का निर्माण इस प्रकार किया जाए जिससे वे सिंहस्थ:2028 के बाद होने वाले वार्षिक आयोजनों के लिए भी उपयोगी हों। इसी प्रकार सड़कों का निर्माण इस प्रकार किया जाए जिससे महाकाल लोक के अतिरिक्त उज्जैन के अन्य प्रमुख तीर्थों तक आवागमन अधिक सुगम हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दूरदराज से उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से उज्जैन के 100 कि.मी. रेडियस में होम-स्टे, पार्किंग, जन सुविधाएं विकसित करने को प्राथमिकता दी जाए। सिंहस्थ के समस्त प्रबंधन में स्थानीय संस्थाओं के सहयोग और जनसहभागिता को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षिप्रा नदी पर पैदल तीर्थ यात्रियों के लिए पृथक से ब्रिज बनाने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में गुदरी चौराहे से पान दरीबा होते हुए हरसिद्धि पाल तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण, बम्बई वाले की धर्मशाला से दानी गेट चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण, देवास रोड से नानाखेड़ा तक एमआर 2 मार्ग का उन्नयनीकरण, शिंदे नर्सिंग होम से नीलगंगा मुख्य मार्ग चौड़ीकरण, गौतम मार्ग से तिलकेश्वर मार्ग चौड़ीकरण एवं सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण, चौबीस खम्बा माता मंदिर से छोटा रूद्र सागर तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य, बदनावर देवास एनएचएआई रोड से सिकंदरी, दाउदखेड़ी तक मार्ग निर्माण, क्षिप्रा नदी के पूर्वी भाग पर सड़क निर्माण, जयसिंहपुरा प्रस्तावित अंडरपास के पास से नूतन स्कूल चार धाम मंदिर पार्किंग के पास तक सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण, अंकपात चौराहा से खाकचौक चौराहा होते हुए मंगलनाथ तक मार्ग चौड़ीकरण, गदा पुलिया से रविशंकर नगर नरसिंह घाट तिराहे तक चौड़ीकरण, महाकाल चौराहे से गोपाल मंदिर होते हुए कमरी मार्ग चौराहा तक चौड़ीकरण एवं सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण तथा शनि मंदिर से मेठिया मार्ग पर नवीन पुल निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा अपर मुख्य सचिव सचिव डॉ. राजेश राजौरा, संजय दुबे, नीरज मंडलोई तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# महाकाल मार्ग खतरनाक हुआ, दो और मकान गिरने की हालत में

- उज्जैन में तीन मंजिला बिल्डिंग गिरी, नहीं रोकी आवाजाही, निगम बोला- खतरा बरकरार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी**। मध्यप्रदेश के उज्जैन में 568 मकानों के हिस्से हटाने वाले रोड चौड़ीकरण प्रोजेक्ट के बीच एक मकान गिरने के बाद भी खतरा टला नहीं है। जिस जगह हादसा हुआ, वहां दो और मकान गिरने की स्थिति में हैं।

खास बात यह है कि नगर निगम को पहले से इस खतरे का अंदेशा था, लेकिन समय रहते न तो पानी निकाला गया और न ही इलाके को पूरी तरह खाली कराया गया। बता दें कि सोमवार शाम को महाकाल मंदिर जाने वाले मार्ग पर एक तीन मंजिला मकान गिर गया था। इसका वीडियो भी सामने आया था। मंगलवार को गिरे मकान का मलबा हटा दिया गया है, लेकिन घरों के सामने पिछले एक महीने से भरा पानी जस का तस है। इसी वजह से मकानों की नींव कमजोर हो चुकी है। इसके बावजूद सड़क पर आम लोगों की आवाजाही जारी है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोग डर के चलते अपने घर छोड़ने को मजबूर हैं। गेबी हनुमान क्षेत्र की शीतल मोदी ने बताया कि पास का मकान गिरने के बाद उन्होंने अपना घर बंद कर होटल में शिफ्ट कर लिया है। उनका कहना है कि उनके घर की नींव भी एक महीने से पानी में डूबी हुई है, ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है। रहवासी आफताब शेख का कहना है कि उन्होंने नगर निगम को कई बार चेताया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि ऐसा लग रहा है जैसे प्रशासन एक और मकान गिरने का इंतजार कर रहा है। रहवासियों के मुताबिक, लगातार खुदाई के दौरान मकानों की नींव तक मिट्टी हटा दी गई और एक महीने से पानी जमा है, जिससे हालात और खराब हो गए हैं। इसको लेकर कई बार शिकायत भी की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। दरअसल, वीडी क्लॉथ मार्केट से छोटी पुलिया तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट में 568 मकानों के हिस्से हटाकर सड़क चौड़ी की जा रही है। करीब 27 करोड़ रुपए की लागत से यह काम सिंहस्थ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किया जा रहा है। नगर निगम के उपायुक्त संतोष टैगोर ने भी माना है कि दो-तीन मकान अभी भी गिरने की स्थिति में हैं।

# चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग तो बड़ी बात नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश के तीन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल दो दिन बाद, यानी 9 अप्रैल को पूरा हो रहा है। कांग्रेस के विधायकों के कानूनी दांव-पेंच में उलझने से दिग्विजय सिंह वाली राज्यसभा सीट पर कांग्रेस का जोखिम बढ़ता जा रहा है। इस सीट को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका जताई है। भोपाल में अपने आवास पर मीडिया से चर्चा में उमंग सिंघार ने कहा कि बीजेपी हर जगह सरकारें खरीदती है, सरकारें तोड़ती और बेचती है। कई राज्यों में ऐसा हुआ है। अगर यहां (एमपी) हॉर्स ट्रेडिंग होती है तो कोई बड़ी बात नहीं है। कांग्रेस को पता है कि यह सब होने वाला है, लेकिन इसके लिए पार्टी पूरी मजबूती के साथ तैयार है। उन्होंने कहा कि इस बात का मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस के सभी विधायक हमारे उम्मीदवार के पक्ष में वोटिंग करेंगे।

## हर्षा रिछारिया बोलीं

# भावनात्मक कमजोरी से शुरू होता है लव जिहाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। महाकुंभ से चर्चा में आईं भोपाल की हर्षा रिछारिया एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह उनका एक वीडियो है, जिसमें उन्होंने 'लव जिहाद' जैसे संवेदनशील और विवादित मुद्दे पर अपनी बात रखी है। खास बात यह है कि उन्होंने इस विषय को किसी सामान्य बहस की तरह नहीं, बल्कि अपने निजी अनुभव से जोड़ते हुए**



**समझाने की कोशिश की है।**

वीडियो में उन्होंने मोहम्मद अशहर द्वारा भेजे गए लगातार मेल्स का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह यह पूरी बातचीत उन्हें एक बड़े सामाजिक मुद्दे पर सोचने के लिए प्रेरित करती है।

हर्षा रिछारिया के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों में उन्हें एक मोहम्मद अशहर नाम के व्यक्ति के कई मेल मिले। इन मेल्स में उसने बार-बार उनका हालचाल पूछा। उसने यह जानने की कोशिश की कि वह कैसी हैं?, कहां हैं?, उनकी तबीयत ठीक है या नहीं? और वह सोशल मीडिया पर पोस्ट क्यों नहीं कर रही हैं?। इतना ही नहीं, उसने उनके करियर और भविष्य को लेकर भी चिंता जताई। उसने कहा कि नाम और फेम से आगे बढ़कर आय के स्थायी स्रोत और भविष्य की योजनाओं पर भी ध्यान देना जरूरी है। हर्षा ने बताया कि उस शख्स ने कभी भी उनके लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया, बल्कि एक सामान्य इंसान की तरह संवेदनशीलता के साथ बात की।

# तालाब में कूदे दो भाई-एक बहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी**। जिले में दो भाई और एक बहन खुदकुशी के लिए तालाब में कूद पड़े। मौके पर मौजूद लोग तुरंत हरकत में आए और तीनों को पानी से निकाला। इनमें से एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला बहोड़ापुर थाना इलाके में मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे का है। पुलिस जब जांच के सिलसिले में घर पहुंची तो वहां एक और भाई का शव मिला। पुलिस अब पड़ोसियों और डॉक्टरों से राय लेकर पूरा मामला सुलझाने में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, इदरीश खान और यास्मीन को बचा लिया गया है। वहीं, सोनू खान ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घर पर जो शव मिला, रहीस खान का था।

# पति के सामने बॉयफ्रेंड का हाथ थामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी**। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में हैबियस कॉर्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) याचिका की सुनवाई के दौरान एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। कोर्ट में पेश हुई महिला ने पति के साथ रहने से साफ इनकार कर दिया और खुलेआम अपने बॉयफ्रेंड का हाथ थाम लिया। उसने जज के सामने कहा कि वह अपनी मर्जी से प्रेमी के साथ रह रही है। पति ने याचिका में आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी को कुलदीप राठौर ने बंधक बनाकर रखा है। लेकिन कोर्ट में पेश होने पर महिला ने कहा कि वह पिछले 20 दिनों से कुलदीप के साथ रह रही है और उसी के साथ रहना चाहती है। पत्नी का बयान सुनते ही पति ने भी कोर्ट में साफ कह दिया कि अब वह उसे स्वीकार नहीं करेगा। सुनवाई के दौरान ही एक रिश्ते के टूटने की पूरी कहानी सामने आ गई।

# पटवारी पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी**। जिले की दलौदा तहसील में पदस्थ एक पटवारी के खिलाफ एक सरकारी कर्मचारी महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए महिला थाने में मामला दर्ज कराया है। आरोपी पटवारी कुलदीप मकवाना पर छेड़छाड़, पीछा करने और धमकी देने के आरोप लगे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है, जो फिलहाल फरार बताया जा रहा है। पीड़िता स्वयं एक सरकारी विभाग में पदस्थ है। उसने शिकायत में बताया कि साल 2019 में काम के दौरान आरोपी से उसकी पहचान हुई थी। वर्ष 2021 में उसका स्थानांतरण मंदसौर हो गया, लेकिन इसके बाद भी आरोपी लगातार फोन और मैसेज के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश करता रहा।

## संपादकीय

# धमकियों के बीच नरमी: तेहरान के पीछे हटने के मायने

ईरान ने अमेरिका के साथ दो सप्ताह के संघर्ष विराम को स्वीकार कर लिया है। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल (SNSC) ने इसकी घोषणा करते हुए इसे इस्लामिक राष्ट्र की बड़ी जीत बताया है। बुधवार सुबह को इसकी घोषणा तब की गई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह ईरानी सभ्यता को खत्म करने की अपनी धमकी अभी टाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह दो हफ्ते तक ईरान पर हमले रोक रहे हैं और इसे दो-तरफा सीजफायर कहा। हालांकि, एक्सपर्ट युद्धविराम के लिए तैयार होने को ईरान की एक चाल बता रहे हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने राष्ट्रपति ट्रंप की होर्मुज को खोलने वाली शर्त पर भी जवाब दिया और कहा कि इस जलडमरूमध्य को ईरानी सेना के समन्वय के साथ फिर से शुरू किया जाएगा। ट्रंप ने कहा था कि यह युद्धविराम के लिए ईरान होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही को खोलना होगा। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि वॉशिंगटन के साथ शुक्रवार 10 अप्रैल को बातचीत शुरू होगी। यह बातचीत पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में होगी, जो तेहरान के 10-सूत्रीय प्रस्ताव पर आधारित होगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के प्रस्ताव को व्यहारिक बताया है। एक्सपर्ट ने ईरान के युद्धविराम पर तैयार होने को अपने लिए समय जुटाने के लिए एक उपाय बताया है। यूनाइटेड अगेंस्ट न्यूक्लियर ईरान के पॉलिसी डायरेक्टर जेसन ब्रॉड्स्की ने इसे रणनीतिक विराम कहा है। उन्होंने कहा कि ईरान की सरकार ने पहले भी ऐसे रवैया दिखाया है। यह जून 2025 के संघर्ष-विराम जैसा ही है। उन्होंने आगे कहा कि ईरान अपने पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की रणनीति पर चल रहा है। अली खामेनेई बीती 28 मार्च को इजरायल और अमेरिका के शुरुआती हमले में ही मारे गए थे। ब्रोड्स्की ने कहा, 'अली खामेनेई ने 2013 में एक बार कहा था, कभी-कभी कोई पहलवान तकनीकी कारणों से थोड़ी नरमी दिखाता है, लेकिन वह यह नहीं भूलता कि उसका विरोधी कौन है और उसका असली मकसद क्या है।' ब्रोड्स्की ने कहा कि इस तर्क के आधार पर सरकार के बचे-खुचे लोगों ने इस फैसले को सही ठहराया होगा। ब्रोड्स्की ने एक दूसरी संभावना को लेकर भी आकलन पेश किया। उन्होंने कहा, अगर युद्धविराम पूरी तरह से लागू हो जाता है, तो इसका मतलब होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों के आगे ईरान की सरकार झुक गई। कुछ सप्ताह पहले ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने कहा था कि तेहरान की दिलचस्पी अस्थायी संघर्ष-विराम नहीं, बल्कि इस युद्ध को हमेशा के लिए खत्म करने में है।

## ज्ञान-विज्ञान

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान का पॉल्यूशन कैसे हिमालय के लिए बन रहा मुसीबत, ब्लैक कार्बन से पिघल रहे ग्लेशियर



हिमालय की बर्फीली चोटियां और ग्लेशियर दुनिया के सबसे बड़े ताजे पानी के भंडार हैं, जो भारत, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और चीन जैसे देशों को नदियों के रूप में पानी देते हैं. लेकिन अब यह क्षेत्र गंभीर संकट की ओर जा रहा है. पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आने वाला ब्लैक कार्बन (काला कार्बन या सूट) हिमालय के ग्लेशियरों को तेजी से पिघला रहा है.

ब्लैक कार्बन एक छोटा कण है जो पूरी तरह से नहीं जलता यानी अधूरा जलने से बनता है - जैसे डीजल वाहनों, ईंट भट्टों, बायोमास (लकड़ी-कूड़ा) जलाने और औद्योगिक धुएं से. यह हवा में उड़कर हिमालय पहुंचता है. बर्फ पर जमा हो जाता है. इससे बर्फ का रंग काला पड़ जाता है, जो सूरज की किरणों को ज्यादा सोख लेता है. बर्फ तेजी से पिघलने लगती है.

## ब्लैक कार्बन क्या है और यह हिमालय तक कैसे पहुंचता है?

ब्लैक कार्बन एक शॉर्ट-लिव्ड क्लाइमेट पॉल्यूटेंट है. यह कार्बन डाइऑक्साइड की तरह लंबे समय तक हवा में नहीं रहता, लेकिन इसका गर्म करने का प्रभाव बहुत तेज और खतरनाक है. पाकिस्तान और अफगानिस्तान में ईंट भट्टों, पुरानी डीजल गाड़ियों, घरों में लकड़ी-कोयला जलाने और खुले में कचरा जलाने से बहुत ज्यादा ब्लैक कार्बन निकलता है. प्री-मानसून मौसम में हवा की दिशा इसे इंडो-गंगा मैदान से होते हुए हिमालय की ओर ले जाती है.

**विश्व बैंक की रिपोर्ट "Glaciers of the Himalayas**: Climate Change, Black Carbon and Regional Resilience" के अनुसार, ब्लैक कार्बन जमा होने से हिमालय, हिंदूकुश और काराकोरम के ग्लेशियरों का पिघलना तेज हो रहा है. यह ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को और बढ़ा देता है. हिमालय के कुछ हिस्सों में ब्लैक कार्बन बर्फ की सतह को 2 से 10 प्रतिशत तक कम चमकदार बना देता है, जिससे सूरज की गर्मी ज्यादा सोखी जाती है. इससे बर्फ के पिघलने का रेट बढ़ जाता है.

## नैनीताल: हिमालय की बर्फ की सतह का तापमान बढ़ रहा है

उत्तराखंड के नैनीताल से किए गए एक हालिया अध्ययन में साफ दिखा है कि 2020 से 2023 के बीच हिमालय की बर्फ की सतह का औसत तापमान -7.13 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि 2000-2009 के बीच यह -11.27 डिग्री सेल्सियस था. यानी पिछले 23 सालों में बर्फ की सतह का तापमान करीब 4 डिग्री बढ़ गया है.

इस स्टडी में ब्लैक कार्बन को मुख्य वजह बताया गया है, क्योंकि जहां ब्लैक कार्बन ज्यादा जमा होता है, वहां बर्फ की गहराई कम होती जा रही है. तापमान ज्यादा बढ़ रहा है. यह प्रदूषण पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आने वाले वायु प्रदूषण से सीधे जुड़ा है. हिमालय में ब्लैक कार्बन की मात्रा बढ़ने से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है. लंबे समय में पानी की कमी हो सकती है.

## वैज्ञानिक अध्ययन क्या कहते हैं?

**ICIMOD (अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र) की रिपोर्ट (2025)**: ब्लैक कार्बन ग्लेशियर पिघलने और मानसून को बिगाड़ने का मुख्य कारण है. यह दक्षिण एशिया में बाढ़ बढ़ा रहा है. कृषि को नुकसान पहुंचा रहा है.

**विश्व बैंक रिपोर्ट (2021)**: ब्लैक कार्बन हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने में 50 प्रतिशत से ज्यादा रोल प्ले कर रहा है. अगर दक्षिण एशिया में ब्लैक कार्बन कम करने की मौजूदा नीतियों को पूरी तरह लागू किया जाए तो जमा होने वाले ब्लैक कार्बन में 23 प्रतिशत कमी आ सकती है. नई नीतियों से और 50 प्रतिशत तक की कमी संभव है.

**Yala Glacier स्टडी (नेपाल, 2021)**: सेंट्रल हिमालय में प्री-मॉनसून मौसम में ब्लैक कार्बन ग्लेशियर के कुल पिघलने में करीब 39 प्रतिशत योगदान देता है. बर्फ पर जमा ब्लैक कार्बन से चमक 0.8 से 3.8 प्रतिशत तक कम हो जाती है.

**Lawrence Berkeley National Laboratory स्टडी (2010)**: पाकिस्तान-अफगानिस्तान और भारत से आने वाला ब्लैक कार्बन हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने में 30 प्रतिशत या उससे ज्यादा योगदान देता है. कुल बर्फ और बर्फ के कवर में बदलाव का 90 प्रतिशत एरोसॉल से होता है. इसमें ब्लैक कार्बन मुख्य है.

पाकिस्तान के कराकोरम और हिंदूकुश क्षेत्र में भी ब्लैक कार्बन नापे गए. जहां हवा में 2.35 से 4.38 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक ब्लैक कार्बन पाया गया. इससे बर्फ की चमक कम हो रही है. ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ रहे हैं.

## हिमालय के पर्यावरण और लोगों पर प्रभाव

1. ब्लैक कार्बन से ग्लेशियर पिघलने से कई समस्याएं पैदा हो रही हैं. छोटे ग्लेशियर तेजी से गायब हो रहे हैं, जिससे नदियों में पहले ज्यादा पानी आता है. बाढ़ का खतरा है. बाद में पानी कम हो जाता है. गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियां करोड़ों लोगों की लाइफलाइन हैं.
2. इसके अलावा, हिमालय में जैव विविधता प्रभावित हो रही है. पौधे और जानवरों के लिए तापमान बढ़ना मुश्किल हो रहा है. मॉनसून का पैटर्न भी बिगड़ रहा है, जिससे कृषि प्रभावित होती है. पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आने वाला प्रदूषण न सिर्फ हिमालय बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है.
3. एक्सपर्टस का कहना है कि ब्लैक कार्बन कम करने के लिए पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भारत और नेपाल को मिलकर काम करना होगा. ईंट भट्टों को आधुनिक बनाना, डीजल वाहनों को कम करना, साफ ईंधन (एलपीजी, बिजली) को बढ़ावा देना और खुले में जलाने पर रोक लगाना जरूरी है. अगर ये कदम उठाए जाएं तो ग्लेशियरों का पिघलना कम कर सकते हैं.

Manipur

मणिपुर-बम हमले में 2 बच्चों की मौत के बाद हिंसा

# प्रदर्शनकारियों का सीआरपीएफ कैंप पर हमला जवाबी फायरिंग में 2 की जान गई

**इंफाल। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मोइरांग ट्रोंगलाओबी इलाके में सोमवार देर रात उग्रवादियों ने एक घर में बम फेंक दिया। जिसमें 5 साल के एक लड़के और छह महीने की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ऑफिसर ने बताया कि जब घर में बम फटा, तब बच्चे अपनी मां के साथ बेडरूम में सो रहे थे। मां घायल है।**

स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में मंगलवार सुबह प्रोटेस्ट किया। इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो ऑयल टैंकर और एक ट्रक में आग लगा दी। उन्होंने



मोइरांग पुलिस स्टेशन के सामने टायर जलाए और एक पुलिस चौकी को तोड़ दिया। इसके बाद भीड़ ने घटनास्थल से 100 मीटर दूर CRPF कैंप पर भी हमला कर दिया। जवाबी फायरिंग में 2 की मौत हो गई, पांच घायल हो गए। मणिपुर सरकार ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सर्विस को 3 दिनों के लिए बंद कर दिया है। मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह मंगलवार सुबह पीड़ित मां से मिलने अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस जुर्म के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जाएगी और उनसे कानून के तहत सख्ती से निपटा जाएगा।

Uttarpradesh

## बंदरों ने ऐसा दौड़ाया कि तीसरी मंजिल से गिर पड़ी लड़की, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम



**हाथरस, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के हाथरस शहर के जलेसर रोड स्थित अक्रूर कॉलोनी में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. यहां बंदरों से बचने के लिए एक युवती मकान की तीसरी मंजिल से नीचे गिर गयी और उसकी दर्दनाक मौत हो गयी.आपको बता दें कि हाथरस शहर में बंदरों के आतंक है.इसी के चलते खूंखार बंदरों ने युवती पर हमला बोला. बंदरों से बचने के चक्कर में युवती तीसरी मंजिल से नीचे गिर गयी.**

खुद को बचाने के प्रयास में युवती घबरा गई और पीछे हटते हुए संतुलन खो बैठी. इससे पहले कि वह संभल पाती, वह सीधे तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई. गिरने के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

युवती की मौत से परिजन में कोहराम मच गया है. पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है.आसपड़ोस के लोग इस वाकये से गुस्साए हुए है.उन्होंने बंदरों के न पकड़े जाने पर और इस हादसे पर नाराजगी व्यक्त की है.

लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बंदरों को पकड़ने या उन्हें हटाने के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई. इस घटना के बाद लोगों ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों.

Uttarpradesh

## शारीरिक संबंध बनाते समय दबाया गला, बिस्तर पर बिना कपड़ों के पत्नी का शव वैसे ही छोड़कर भागा पति

**रामपुर, (एजेंसी)** रामपुर में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां पति ने शारीरिक संबंध के दौरान ही पत्नी का गला दबा दिया. मौत के बाद वह पत्नी का शव उसी हालत में बिस्तर पर छोड़कर मौके से फरार हो गया. बाद में जब बंद घर के भीतर शव मिला तो पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में एक बंद घर के अंदर जब एक शिक्षिका का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह घर का दरवाजा खुलवाया. अंदर का दृश्य देखकर हर कोई सन्न रह गया. बिस्तर पर महिला का शव पड़ा था और आसपास कोई नहीं था. शुरुआती जांच में यह साफ हो गया कि मामला सामान्य मौत का नहीं है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पूरे मामले की गहन जांच शुरू की. घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे. उनका आरोप था कि उनकी बेटी को लंबे समय से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था. उन्होंने महिला के पति और देवर को नामजद करते हुए हत्या का आरोप लगाया.

Jammu & Kashmir

## पंजाब में छिपा था लश्कर कमांडर हुरैरा, 16 साल पहले की थी घुसपैठ, पुलिस ने ऐसे बिछाया जाल

**जम्मू, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के एक बड़े अंतर-राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से कई राज्यों में चलाए गए इस व्यापक अभियान में पुलिस ने लश्कर के एक शीर्ष कमांडर सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में दो पाकिस्तानी नागरिक और उनके तीन स्थानीय मददगार शामिल हैं।**

यह खुफिया ऑपरेशन 15 दिनों से अधिक समय तक चला और इसमें केंद्रीय एजेंसियों की भी मदद ली गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (SOG) की एक टीम ने 10 दिन से अधिक समय पहले पंजाब के मालेरकोटला से लश्कर कमांडर अबू हुरैरा और उसके सहयोगी उस्मान को गिरफ्तार किया। पुलिस



ह्यूमन इंटेलिजेंस और तकनीकी निगरानी के जरिए पंजाब में स्थित इस आतंकी ठिकाने तक पहुंचने में कामयाब रही। इन दोनों पाकिस्तानी नागरिकों के अलावा, कश्मीर घाटी से तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों श्रीनगर शहर के रहने वाले हैं और इन पर हुरैरा और उसके सहयोगी की मदद करने का आरोप है।

खेल

यशस्वी जायसवाल ने उड़ाए मुंबई इंडियंस के परखच्चे

# राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 में लगाई जीत की हैट्रिक

**गुवाहाटी।** रियान पराग की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने आईपीएल 2026 में जीत की हैट्रिक लगा दी है। आरआर ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बाद अब मुंबई इंडियंस (एमआई) को शिकस्त दी। आरआर ने मंगलवार को बारिश से बारिश से प्रभावित मैच में मुंबई को 27 रनों से रौंदा। मैच 11-11 ओवर का कर दिया गया था। आरआर ने यशस्वी जायसवाल की तूफानी अर्धशतकीय पारी की बदौलत गुवाहाटी के बरासापारा स्टेडियम में 151 रनों का टारगेट दिया। जवाब में एमआई 9 विकेट खोने के बाद 123 रन ही जुटा सकी। इस जीत के साथ आरआर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। उसके खाते में तीन मैचों में 6 अंक हो गए हैं। एमआई लगातार दो हार के बाद सातवें स्थान पर खिसक गई है। उसके तीन मैचों में सिर्फ दो अंक हैं।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन




(8) पहले ओवर में पवेलियन लौट गए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। सूर्यकुमार यादव (5) दूसरे ओवर में नांद्रे बर्गर का शिकार बने। संदीप शर्मा ने तीसरे ओवर में रोहित शर्मा (6) को एलबीडब्ल्यू आउट किया। स्पिनर रवि बिश्नोई ने पांचवें ओवर में एमआई को डबल झटका दिया। उन्होंने कप्तान हार्दिक पांड्या (9) और तिलक वर्मा (14) को अपने जाल में फंसाया। मुंबई की आदी टीम 46 रन पर पवेलियन लौट गई थी। ऐसे में नमन धीर और शेरफेन रदरफोर्ड ने मोर्चा संभाला। दोनों ने छठे विकेट के लिए 47 रन जोड़े और मुंबई को 100 की दहलीज पर पहुंचाया। रदरफोर्ड को आठवें ओवर में तुषार देशपांडे ने आउट किया। उन्होंने 8 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बटोरे। नमन ने 13 गेंदों में 25 रन जुटाए, जिसमें तीन चौके और एक सिक्स है। उन्हें बर्गर ने नौवें ओवर में पवेलियन भेजा। शार्दुल ठाकुर ने 8 और ट्रेंट बोल्ट ने एक रन बनाया। दीपक चाहर 6 और जसप्रीत बुमराह 5 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले, यशस्वी जायसवाल के धमाकेदार अर्धशतक से राजस्थान ने मुंबई के खिलाफ तीन विकेट पर 150 रन बनाए। जायसवाल ने 32 गेंद में चार छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 77 रन की पारी खेलने के अलावा वैभव सूर्यवंशी (39 रन, 14 गेंद, पांच छक्के, एक चौके) के साथ पांच ओवर में 80 रन जोड़कर आरआर को तूफानी शुरुआत दिलाई। मुंबई की ओर से स्पिनर अल्लाह गजनफर सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए। शार्दुल ठाकुर ने भी 36 रन देकर एक विकेट चटकाए। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। बारिश के कारण मुकाबला दो घंटे और 40 मिनट के विलंब से शुरू किया जिसके कारण इसे 11 ओवर का कर दिया गया। जासयवाल और सूर्यवंशी ने रॉयल्स को तूफानी शुरुआत दिलाते हुए 3.2 ओवर के पावरप्ले में बिना विकेट खोए 59 रन जोड़े। जायसवाल ने दीपक चाहर के पहले ही ओवर में चार चौकों और एक छक्के से 22 रन जोड़े जबकि सूर्यवंशी ने अगले ओवर में जसप्रीत बुमराह पर दो छक्के मारे। जायसवाल ने तीसरे ओवर में ट्रेंट बोल्ट पर तीन छक्कों से 22 रन जुटाकर टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया।

सिनेमा

## 1600 करोड़ पार 'धुरंधर', रणवीर की सक्सेस पर क्यों चुप हैं दीपिका? ट्रोल्स को दिया जवाब



रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है. फिल्म ने अपनी धांसू कमाई से कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. फैंस से लेकर बॉलीवुड भी 'धुरंधर 2' का मुरीद हो गया है. कई बड़े स्टार्स ने रणवीर की दमदार एक्टिंग और फिल्म की खुलकर तारीफ की. मगर रणवीर की पत्नी और एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अभी तक चुप्पी साधी हुई हैं. दीपिका ने पति रणवीर या फिल्म की तारीफ में कुछ नहीं कहा. रणवीर की फिल्म पर दीपिका की चुप्पी लोगों को खलने लगी. फैंस उम्मीद कर रहे थे कि दीपिका पति के सपोर्ट में आगे आएंगी. मगर धुरंधर की सक्सेस पर दीपिका की खामोशी ने हर किसी को निराश किया. एक्ट्रेस को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल भी किया गया. अब फाइनली दीपिका ने ट्रोलिंग पर चुप्पी तोड़ी है और हेटर्स को करारा जवाब दिया है. दरअसल, हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया गया, जिसमें धुरंधर की ब्लॉकबस्टर परफॉर्मेंस पर दीपिका की चुप्पी पर निशाना साधा गया. वीडियो के कैप्शन में लिखा गया- दीपिका पादुकोण ने 500 करोड़ रुपये के बजट वाली फिल्म को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया. जहां धुरंधर 2 ने दुनिया भर में रिकॉर्ड तोड़ दिए, दीपिका फिल्म के प्रीमियर में भी नहीं पहुंचीं, बल्कि वो अपने ससुराल वालों के साथ सितार कॉन्सर्ट में शामिल हुईं.

## Highlights

1. Assam Police can find and bring Khera from 'paatal': CM Himanta
2. India, New Zealand likely to sign FTA on April 24
3. IT rules amendments won't widen govt's takedown powers: MeitY
4. Lottery King's wife Leema Rose becomes richest candidate in TN
5. Rahul Gandhi's reaction after shooting an arrow during rally in Assam goes viral
6. Centre to regularise 1,511 unauthorised colonies in Delhi
7. Shorebird from Australia flies over 7,400 km, spotted in Andamans

# Tata Steel hits record production in India due to surge in domestic demand

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Steel Ltd. has achieved record annual production in India, fueled by capacity expansions that helped one of the world's most geographically diversified producers navigate a shifting global landscape for industrial metals.

The Tata Group company produced 23.48 million tonnes of crude steel in India in FY26—an 8% increase over the previous year, according to an exchange filing on Tuesday (7 April 2026). The output was primarily boosted by the ramp-up of the Kalinganagar plant in Odisha that helped offset a temporary shutdown of a blast furnace at its Jamshedpur facility.

The results underscore Tata Steel's deepening focus on the Indian market as it grapples with more volatile conditions in Europe. Domestic deliveries crossed the 20 million tonne threshold for the first time—a milestone the company attributed to



strong positioning across high-end industrial segments.

"India deliveries increased in line with production," the company said in the stock exchange filing, noting that quarterly deliveries in the final three months of the fiscal year were the best in its history.

The performance was led by several key verticals:

Automotive: Achieved record annual volumes of ~3.4 million tonnes.

Retail: Volumes reached ~7.3 million tonnes, driven by Tata Tiscon.

Digital Sales: Gross merchandise value from its e-commerce platforms surged 161% year-over-year to ₹9,360 crore.

European Headwinds

While the Indian operations hit new highs, Tata Steel's European units faced a more complex environment.

In the United Kingdom, delivery volumes fell to 2.2 mtpa in FY26, down from 2.51 mtpa a year-ago, due to "subdued market dynamics". Tata Steel is currently transitioning its UK operations toward a greener footprint, with work progressing on a new 3 mtpa electric arc furnace at Port Talbot.

# Godrej Consumer warns of price hikes if crude oil sustains over $100/barrel

**NEW DEIHI, (Agency).** Godrej Consumer Products Ltd. expects costs to rise 6% to 9% if crude oil prices holds at $100 to $110 a barrel and palm oil prices hover between 4,500 and 4,800 Malaysian ringgit per tonne.

The impact may be offset by price hikes and other savings measures, the maker of Cinthol soaps and Goodknight mosquito repellent said in an exchange filing on Monday (6 April 2026), without providing too many details.

Recent gains in both commodities have been driven by the ongoing Middle East conflict. Palm oil derivatives, a key input for soaps and personal care products, along with crude-linked packaging and freight costs, are major expenses for Indian




consumer companies, which were only beginning to see a recovery in demand following tax relief measures introduced late last year.

Consumer companies typically hike prices or cut costs to protect margins from higher input costs. In Q3 FY26, Godrej's costs had risen 6.3% to $361.49 million.

Godrej Consumer Q4 Update

The company expects close-to-double-digit growth in consolidated revenue and core earnings in Q4 FY26, driven by steady domestic demand. It's now confident to meet its original bottom-line plans for FY27 while stepping up revenue growth even if costs stay at current levels, but warned of revisions if input costs rise further.

Crude-led inflation is likely to persist into the first half of FY27, though policy support, including tax relief measures, could partially offset the impact.

# सब इंस्पेक्टर की प्रताड़ना से तंग टैक्सी कार के ड्राइवर ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में एक टैक्सी कार के ड्राइवर ने सब इंस्पेक्टरकी प्रताड़ना से तंग आकर सुसाइड कर लिया। घटना राऊ थाना क्षेत्र स्थित पलाश परिसर की है। युवक ने सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर एसआई पर मारपीट और पैसों की मांग का आरोप लगाया है। एसआई राजेंद्र नगर थाने में पदस्थ है।**

सोमवार रात अभिषेक पाटिल की कार का एक्सीडेंट एक अन्य कार से हो गया था। इस मामले में एसआई मनोहर पाल ने कार छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपए की मांग की और युवक के साथ मारपीट भी की। देर रात घर लौटने के बाद अभिषेक ने वीडियो बनाकर अपने परिजनों को भेजा और फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर, मामले में एसआई मनोहर पाल को सस्पेंड कर दिया गया है। अभिषेक पाटिल पलाश परिसर में किराए के फ्लैट



में रहता था। मंगलवार को परिजनों ने उसे कमरे में फंदे पर लटका पाया। मौके से मिले वीडियो में अभिषेक ने एसआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उसने कहा कि एक्सीडेंट में उसकी कोई गलती नहीं थी, इसके बावजूद उससे 50 हजार रुपए मांगे जा रहे थे। वीडियो में अभिषेक ने यह भी बताया कि उसे थाने ले जाने वाले पुलिसकर्मी और टीआई का व्यवहार ठीक था, लेकिन एक सब इंस्पेक्टर ने दूसरे पक्ष की गाड़ी छोड़ दी और मुझे परेशान करना शुरू कर दिया। उसने आरोप लगाया कि दूसरे वाहन का चालक संबंधित पुलिसकर्मी का परिचित था। अभिषेक के अनुसार, सामने चल रही कार ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे उसकी कार पीछे से टकरा गई। दूसरे पक्ष ने 25 हजार रुपए की मांग की थी, लेकिन अभिषेक ने मरम्मत कराने की बात कही थी। इसके बावजूद उसे थाने ले जाकर दबाव बनाया गया। वीडियो में उसने कहा कि अगर 50 हजार रुपए नहीं दिए तो उसे जेल भेजने की धमकी दी गई। उसने यह भी कहा कि थाने की रिकॉर्डिंग चेक की जाए, जिससे सच्चाई सामने आ जाएगी। जानकारी के मुताबिक, राजेंद्र नगर पुलिस ने मंगलवार दोपहर अभिषेक के शव का जल्द पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। उसका मोबाइल भी जब्त कर लिया है।अभिषेक के परिवार में पिता और दो बड़े भाई हैं। पिता स्क्रैप का काम करते हैं, जबकि दोनों भाई रैपिडो चलाते हैं।

## छात्रा को ब्लैकमेल कर अकाउंट में डलवाए रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी में ब्लैकमेल कर ठगी करने का मामला सामने आया है। ठग ने 15 साल की लड़की के न्यूड फोटो और वीडियो अपने पास होने तथा उन्हें वायरल करने की धमकी देकर खाते में रुपए डलवा लिए।**

द्वारकापुरी पुलिस ने इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके पास एक नंबर से कॉल आया। बात करने वाले ने कहा कि उसे पता है कि वह किस लड़के से चैटिंग करती है और उसके पास चैटिंग की पूरी डिटेल है। इसके बाद आरोपी ने एडिट किए हुए कुछ फोटो और वीडियो भेजे। साथ ही कहा कि इस तरह के आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने को लेकर उस पर एफआईआर की जा रही है और उसे जेल भेजा जाएगा। आरोपी ने पीड़िता से कहा कि वह यह बात अपने परिवार को बताए। इससे पीड़िता घबरा गई। इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग बार में उससे 2 लाख रुपए से अधिक रकम खाते में डलवा ली। इसके बाद भी आरोपी उसे ब्लैकमेल कर रुपए की मांग करता रहा। बाद में पीड़िता के परिवार के लोगों ने रुपए को लेकर जानकारी मांगी, तब मामले का खुलासा हुआ। पुलिस अब मोबाइल नंबर के आधार पर जांच कर रही है।

जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## टिगरिया बादशाह क्षेत्र में अवैध गोदाम पर छापा, 22 हजार लीटर सॉल्वेंट जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिला प्रशासन ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए टिगरिया बादशाह क्षेत्र के समीप एक गोदाम पर बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर एसडीएम सुश्री निधि वर्मा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने छापा मारकर भारी मात्रा में बिना लाइसेंस के संग्रहित सॉल्वेंट बरामद किया।**

कार्रवाई के दौरान गोदाम में करीब 22 हजार लीटर डिस्टिल्ड सॉल्वेंट अवैध रूप से रखा पाया गया। इसके अलावा मौके से आयल पेंट मिक्सर और पेंट रिमूवर भी मिले। जांच में सामने आया कि गोदाम संचालक के पास इन ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण के लिए आवश्यक वैध लाइसेंस नहीं था।

सबसे गंभीर बात यह रही कि गोदाम में किसी प्रकार के फायर सेफ्टी सिस्टम मौजूद नहीं थे। ऐसे में किसी भी दुर्घटना की स्थिति में आसपास के क्षेत्र में बड़ा हादसा हो सकता था और जनहानि की आशंका बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार नारायण नांदेडा ने मौके पर ही गोदाम को सील करने की कार्रवाई की। इस दौरान तहसीलदार ओंकार मनाग्रे, सहायक खाद्य अधिकारी अविनाश जैन तथा बाणगंगा थाने का पुलिस बल भी मौजूद था। यह गोदाम खातीवाला टैंक निवासी अब्दुल कादिर पिता फखरुद्दीन का है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## चौकीदार पर सरिए से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में चौकीदार पर हमले का मामला सामने आया है। घटना के बाद सोमवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक 70 वर्षीय मुन्नालाल वंशकार एक मकान के बाहर चौकीदारी कर रहे थे। इसी दौरान एक महिला ने उनसे अपने पति को फोन लगाने के लिए कहा और बताया कि सफाई के दौरान एक महिला पहली मंजिल से गिर गई है। चौकीदार ने अपनी डायरी से नंबर निकालकर महिला के पति गोपाल मंसोरे को फोन किया। कुछ देर बाद गोपाल मंसोरे मौके पर पहुंचा। उसकी पत्नी ने चौकीदार पर फोन करने में देरी का आरोप लगाया, जिससे नाराज होकर गोपाल ने सरिए से हमला कर दिया। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। हमले में चौकीदार के सिर, हाथ और कमर में चोट आई है। जानकारी के अनुसार लाडकी नाम की महिला एक अन्य महिला के साथ निर्माणाधीन मकान में सफाई का काम कर रही थी। इसी दौरान वह पहली मंजिल से गिर गई थी। उसके साथ काम कर रही महिला ने चौकीदार से संपर्क कर उसके परिवार को सूचना देने की कोशिश की थी। लाडकी की मौत के मामले में पुलिस पहले ही लापरवाही के आरोप में बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर चुकी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## मोबाइल पर बात के बाद तीसरी मंजिल से गिरी युवती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। छत्रीपुरा इलाके में एक 18 वर्षीय युवती की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। घटना सोमवार रात की है। पुलिस शुरुआती जांच में इसे आत्महत्या मानकर चल रही है, हालांकि मोबाइल पर किससे बातचीत हो रही थी, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है।**



मामला समाजवाद नगर गली नंबर-3 का है, जहां रहने वाली मेहक राठौर सोमवार रात छत से नीचे गिर गई। परिजनों के अनुसार, वह मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी और कुछ देर बाद नीचे आ गिरी। उसका मोबाइल छत पर ही मिला है। घटना के बाद परिजन मेहक को नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन सिर में गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मोबाइल कॉल डिटेल्स और परिवार के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक मेहक कॉस्मेटिक्स की दुकान पर काम करती थी। सोमवार रात करीब 9 बजे वह घर लौटी, बैग रखा और पिता का मोबाइल लेकर सीधे छत पर चली गई। बताया जा रहा है कि वहां किसी से बातचीत के दौरान उसकी बहस भी हुई थी। मेहक अपने पिता और छोटे भाई के साथ रहती थी। उसकी मां कई साल पहले परिवार छोड़ चुकी है। पिता फर्नीचर का काम करते हैं और ऑटो भी चलाते हैं, जबकि भाई भी ऑटो चलाता है। परिवार मूल रूप से सीहोर का रहने वाला है और लंबे समय से इंदौर में रह रहा है।

परिवार के लोगो ने बताया कि आसपास के लोगों ने उन्हे जानकारी दी कि मेहक उपर से गिर गई है। गिरने के दौरान उसने मदद के लिए आवाज भी लगाई थी। संभवतः रैलिग में बैठने के दौरान बात करते समय संतुलन बिगड़ने से वह गिरी है। जिससे मोबाइल छत पर ही गिर गया।

## एरोड्रम, लसूड़िया, हीरानगर और बाणगंगा में ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस ने तीन अन्य थाना क्षेत्रों में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में भी एफआईआर दर्ज की है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक विपीन गायकवाड़ ने शिकायत में बताया कि 29 दिसंबर को उसकी नेट बैंकिंग हैक कर आरोपी ने उसके खाते से करीब डेढ़ लाख रुपए की ठगी कर ली। इस मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर की गई थी। सोमवार को एरोड्रम पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। लसूड़िया पुलिस ने ड्रीम सिटी निवासी यश मेहता की शिकायत पर 7 लाख 5 हजार रुपए की ठगी का मामला सोमवार को दर्ज किया है। यश के मुताबिक उसे टेलीग्राम पर ऑनलाइन वर्क का ऑफर दिया गया। इसमें होटल और रिसोर्ट को 5 स्टार रेटिंग देने की बात कही गई। इस दौरान कई खातों में करीब 7 लाख 5 हजार रुपए डलवा लिए गए। यश जिम ट्रेनर है। उन्होंने मामले में साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की थी। हीरानगर पुलिस ने रितिका राजपूत की शिकायत पर दो मोबाइल नंबरों के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। रितिका के मुताबिक इंग्लैंड से पार्सल भेजने के नाम पर कस्टम ड्यूटी और एक्साइज ड्यूटी के बहाने अलग-अलग खातों में करीब 10 लाख रुपए की ठगी की गई। वहीं बाणगंगा में भी ज्ञानेन्द्र सिंह के साथ 1 लाख 90 हजार रुपए की ठगी खातों के जरिए की गई। पुलिस ने इस मामले में भी एफआईआर दर्ज की है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक